
## खास-खबरें

### सद्गुरु विज़न सेंटर पर नेत्र शिविर आयोजित

गंजबासौदा। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के प्रबंधक रवि उपाध्याय के कुशल मार्ग दर्शन में डॉक्टर राजकरण वर्मा एवं उनकी सहयोगी टीम ने 187मरीज के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताएं और उनसे अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण करायें ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले एवं मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संघठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके जैन सुरेश अरोरा हेमंत भंडारी ने सभी डॉक्टर्स की टीम का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया 37लोगों को दवाइयां का वितरण किया तथा 56से अधिक लोग मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए 47 लोगो को चश्मे के नंबर दिए। वहीं 47 लोगों को ऑपरेशन के पश्चात चश्मे भी प्रदान किए गए ।

### ग्राम इमलिया में श्रीमद् भागवत कथा कल से



**विदिशा (निप्र)।** समीपी ग्राम इमलिया (ढोलखेड़ी) में 23 जनवरी से 29 जनवरी तक दोपहर 1 बजे श्रीमद् भागवत कथा होगी। कथा वाचक पं.अंकित कृष्ण तेनगुरिया (बटुकजी) कथा वाचन करेंगे। इसी संदर्भ में 23 जनवरी गुरूवार को प्रात: 10 बजे विदिषा स्थित वैत्रवती माँ के चरणतीर्थ धाम घाट से दिव्य-भव्य मंगल कलष यात्रा प्रारंभ होगी, जो इमलिया में कथा स्थल पहुंचकर संपन्न होगी। ग्रामवासियों ने इस कथा में भाग लेने हेतु सबको सादर आमंत्रित किया है। यह जानकारी ग्रामवासी शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने विज्ञप्ति में दी है।

### शराब पीने से मना करने पर पांच लोगों ने युवक को पीटा

शाजापुर। घर के पास शराब पीने से मना करने पर पांच लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर के पास शराब पीने से मना करने पर सतीश निवासी ग्राम पंपापुर के साथ पांच लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल होने पर सतीश को शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसका उपचार जारी है। मामले में गुलाना पुलिस चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# कलेक्टर ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही के दिए निर्देश



**सीहोर।**

**कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात को सुगम बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।**

बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उनके ड्रायविंग लायसेंस के निलंबन प्रस्ताव भी भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं के रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने एवं रेक्टीफिकेशन की निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिमाह विश्लेषण कर सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी मीटिंग में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने वाहनों की ओवर स्पीडिंग को रोकने के लिए हाईवे के टोल नाको के पास स्पीड रडार गन द्वारा वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने रोड़ निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि जिले में सभी प्रकार की सड़कों का सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि सभी सड़कों पर संकेतक बोर्ड लगे हो एवं पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में अतिक्रमण वाले स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए ताकि ट्रैफिक संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर मे चल रहे निर्माण कार्यों के बीच में आने वाले बिजली के पोल को अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया जाए ताकि निर्माण कार्यों मे बाधा न हों। उन्होंने सभी वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के नेक व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए कार्य नीतियां बनाने एवं कार्य के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगर पालिका सीएमओ को रोड़ किनारे लगाए जाने पौधों में पर्याप्त पानी डालने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यातायात के विषय में जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए।



### कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात संकेतों की दी जानकारी

**विदिशा (निप्र)।**

**स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इण्डिया द्वारा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

होण्डा से सुश्री सृष्टि सक्सेना द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, सड़क कार्रवाई के आंकड़ों, सड़क सुरक्षा अधिनियम, सड़क सुरक्षा सवारी गियर के उपयोग और सड़क सुरक्षा संकेत पर प्रशिक्षण दिया गया।

हेलमेट एवं सीट बेल्ट ना लगाने से वाहन चालकों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज रफ्तार वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने से होती हैं, इसलिए इन सभी बातों का ध्यान रखना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. नीता पांडे ने छात्राओं को वाहन धीरे चलाने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने तथा धैर्य से वाहन चलाने की सीख दी। कार्यक्रम का संयोजन एनसीसी अधिकारी डॉ.विनीता प्रजापति ने किया।

## तीरपुर में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा का उद्घाटन हुआ

**जबलपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जो देश की बैंक है, जबलपुर के नवेली सगर में अपनी जबलपुर जिले में जबलपुर अंधार में 30वी और देशभर में शाखा उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर शहर के अतिथिमारियों, चाहकों और मुख्य अतिवि प्रो. डॉ. नवनीत सक्सेना जीन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जिसकी स्थापना 16 सितंबर 1936 की पुणे में हुई थी, आज एक मजबूत और सम्मानित संस्थान के रूप में उभरा है। बैंक देशभर में अपनी 2,547 शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक हमेशा से एक परिवार, एक बैंक के अपने दृष्टिकोण के साथ ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए प्रतिबदध रहा है। नवीनतम धनवंतरी नगर शाखा के उद्घाटन के साथ, बैंक ने जबलपुर और आसपास के क्षेत्री में अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। इस शाखा में ग्राहकी की सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं जैसे कि डिजिटल बैंकिंग, ओन, जमा मोजनाएं और अन्य विशीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी. डॉ. नानीत सक्सेना, बैंक के जोनल मैनेजर श्री मोहम्मद शाहजीब और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस शाखा के उद्घाटन में अपनी मागीदारी सुनिश्चित की। मुख्य अतिथि ने कहा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने सेवाभाव और गुणवत्ता के माध्यम से जनता के बीच विश्वास और अकृष्टता का प्रतीक बनाया है। इस नई शाखा के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को वित्तीय समावेशन के अवसर मिलेंगे।

सोनम मैनेजर श्री मोहम्मतमाही ने कहा, हम अपने शाहकी को बेहतर और सुलभ सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। धनवंतरी नगा गारवा का उद्घाटन हमारे विस्तार और सेवा प्रतिबद्धता का एक और उदाहरणा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अपनी दृढ़ता, विश्वास और उत्कृष्ट संकाओं के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण बनाम देने के लिए समर्पित है।

### गणतंत्र दिवस पर भैरवगढ़ जेल से 16 कैदी किए जाएंगे रिहा

**उज्जैन।** हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस पर अच्छा आचरण करने वाले कैदियों को रिहा किया जाएगा और इसके आदेश शासन से प्राप्त हो चुके हैं। गणतंत्र दिवस पर जेल में झंडावंदन होगा। जिला जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि मध्य प्रदेश में अलग-अलग जिलों से जेल विभाग हर साल गणतंत्र दिवस पर रिहाई नीति के तहत कैदियों को सजा में छूट का लाभ दिया जाता है। इस बार भी 26 जनवरी पर उज्जैन भैरवगढ़ जेल से 16 कैदियों को रिहा किया जाएगा है। इसमें 14 पुरुष और दो महिला कैदी हैं। इसके लिए शासन से मंजूरी मिल गई हैं। जिन कैदियों को रिहा किया जाएगा, वह सभी अजीवन सजा के बंदी है, लेकिन जेल में रहते हुए उनका व्यवहार काफी अच्छा है। उनके इसी व्यवहार को देखते हुए शासन ने उनकी बची सजा को माफ कर दिया है।

## आयुक्त के आदेश पर चार करोड़ से अधिक की वियर पर चला बुलडोजर



**रायसेन।** आज 21 जनवरी को 10.30 बजे प्रात: आबकारी अधिकारियों के बुलाने पर सोम डिस्टलरीज एवं ब्रेवरीज लिमि. रोजराचक जिला-रायसेन परिसर स्थित गोदाम क्रमांक 21 के पास आबकारी अधिकारियों ने बताया कि उपयुक्त आबकारी संभागीय उडनदस्ता भोपाल द्वारा गठित समिति के सदस्यों के समक्ष लाइसेंस के गोदाम में रायपुर से 32035 पेटी बीयर एवं सीएसबीसी बिलासपुर से 22055 पेटी बियर अर्थात् कुल 540904 पेटी अविकित बीयर के नस्टीकरण की कार्यवाही उपायुक्त संभागीय उडानदस्तावेज भोपाल द्वारा गठित समिति श्रीमती वंदना पाण्डेय सहायक आबकारी आयुक्त जिला रायसेन शरद पाठक जिला आबकारी अधिकारी ,में. डिस्टलरीज एंड ब्रेबरीज लिमि. रोजराचक रायसेन-सदस्य, ओम प्रकाश जामोद, सहायक जिला आबकारी अधिकारी संभागीय उडानदस्तावेज भोपाल - सदस्य, गौरव भद्रसेन आबकारी उप निरीक्षक व्रत अब्दुल्लागंज जिला रायसेन, श्रीमती प्रीति शैलेंद्र आबकारी उपनिरीक्षक में. सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेबरीज लिमि. रोजराचक रायसेन , श्रीमती सैफ अली शर्मा आबकारी उपनिरीक्षक में. सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेबरीज लिमि. रोजराचक रायसेन एवं आरक्षण की उपस्थिति में किया गया। नस्तीकृत की हुई बियर की कीमत करीब चार करोड रुपए है।

## चोरी गई बाइक के साथ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार, गुम हुए मोबाइल लौटाए

**शाजापुर।**

चोरी गई बाइक के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 नवंबर 24 को फरियादी राहुल पिता सुबाकसिंह उम्र 25 साल निवासी ग्राम अजनई ने शिकायत दर्ज कराई थी उसकी बाइक को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया था। 20 जनवरी 25 को अकोदिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नवीन पिता देवीप्रसाद मालवीय उम्र 19 साल निवासी अरन्याकलां हाल पाटीदार कालोनी शुजालपुर मण्डी एवं सत्यम पिता श्याम उम्र 19 साल निवासी रायकनपुरा शुजालपुर सिटी के कब्जे से चोरी गई बाइक जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय शुजालपुर पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि अरविन्दसिंह तोमर, सउनि खुशालसिंह मुनिया, प्रधान आरक्षक बलराम यादव, आनंद शर्मा, विपिन तोमर, आरक्षक रवि रघुवंशी, अंकित मुंदड़ा, होकम कारपेंटर, तेजसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

204 गुम मोबाइल बरामद

शाजापुर पुलिस ने सायबर सेल टीम की मदद से 204 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 32 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में सायबर सेल टीम ने प्राप्त शिकायतों पर सीईआईआर पोर्टल और विभिन्न थानों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर सायबर सेल ने ऐप्पल, सैमसंग, वनप्लस, ओप्पो, वीवो, रेडमी, रियलमी आदि जैसे ब्रांड्स के मोबाइल फोन को ट्रेस कर मोबाइल शाजापुर, देवास, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, राजगढ़, आगर, सीहोर, खरगोन, विदिशा और बालाघाट सहित विभिन्न जिलों से बरामद किए गए हैं। मोबाइलों के मालिकों में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, डॉक्टर, शिक्षक, विद्यार्थी, घरेलू कामगार, दिहाड़ी मजदूर, सरकारी कर्मचारी और व्यापारी शामिल हैं। मोबाइल वापस मिलने पर सभी के चेहरे पर खुशी लौट आई। मोबाइल मालिकों ने शाजापुर पुलिस और सायबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। वहीं पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने सायबर सेल की उपलब्धि की सराहना की है।

## पट्टे की भूमि किसी अन्य के नाम करने का आरोप



**शाजापुर।** पट्टे की भूमि पर वर्षों से निवासरत वृद्ध महिला का रिकार्ड में अचानक से नाम गायब कर दिया गया है, जिससे परेशान होकर पीड़िता ने अपने परिवार के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। ग्राम बक्सूखेड़ी निवासी सुआबाई पति केशरसिंह बंजारा परिवार के साथ मंगलवार को शाजापुर कलेक्टर कार्यालय पहुंची और यहां शिकायती आवेदन देकर बताया कि उसे गांव में पट्टे की भूमि दी गई थी जिस पर वह वर्षों से मकान बनाकर निवासरत है, लेकिन वर्तमान में गांव के चौकीदार और पटवारी ने धोखाधड़ी कर पट्टे की भूमि पर किसी अन्य का नाम दर्ज कर दिया है। सुआबाई ने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## उज्जैन में बनेंगे आयुर्वेदिक कॉलेज सरकार देगी जमीनः मुख्यमंत्री

**उज्जैन।**

**साधु-संतों की तरह आयुर्वेदिक संस्थान को भी उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में स्थायी निर्माण के लिए सरकार जमीन देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह घोषणा सोमवार को की।**

वे भोपाल के पं. खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय में 21वें आयुर्वेद पर्व पर राष्ट्रीय सेमिनार और आरोग्य मेले के शुभारंभ पर बोल रहे थे ।सीएम ने उज्जैन में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान शुरू करने, आयुष में पैरामेडिकल-नर्सिंग कोर्स चलाने के साथ आयुष क्लीनिक और नर्सिंग होम का पंजीयन आयुष विभाग से कराने की बात करते हुए दोहराया कि आयुष विभाग में भी सेवानिवृत्त की उम्र 65 वर्ष होगी।

आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने आयुर्वेद में शोध को बढ़ावा देने सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। पद्मश्री देवेंद्र त्रिगुणा ने प्रदेश में आयुर्वेद, योग, पंचकर्म, आदि के केंद्र विकसित करने का सुझाव रखा। विधायक भगवान दास सबनानी भी मौजूद रहे।

### 11 आयुर्वेदिक कॉलेज आरंभ किए जाएंगे

सीएम बोले, 11 आयुर्वेदिक कॉलेज शुरू करेंगे। नीति सरल बना आयुर्वेदिक उत्पादों की इकाई स्थापित करने में सहयोग देगी। यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई हिंदी में भी करने की व्यवस्था होगी। मुझ पर जल्दी असर कर गई औषधियां डॉ. यादव ने कहा, आयुर्वेदिक दवाएं असर करने में समय लेती हैं। यह सही नहीं है, मुझ पर तो ये जल्दी असर कर गईं। उन्होंने कहा कि पहले मैं शिक्षा मंत्री था और अब मुख्यमंत्री हूं।

### कोतवाली पुलिस ने ई-गवर्नेंस प्रबंधक के साथ धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सीहोर। 20 जनवरी 2025 को फरियादी गौरव बंसल पिता कमल किशोर बंसल निवासी इंग्लिश पुरा सीहोर हाल ई गवर्नेंस प्रबंधक कलेक्टर कार्यालय सीहोर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट किया कि करीबन 6 वर्ष पूर्व जब मैं बड़वानी में पदस्थ था उस समय सत्यनारायण होला पिता सीता रमैया निवासी 59 सेकंड फ्लोर सिक्स क्रॉस पाइपलाइन आश्रम रोड थाना मंगलेश्वर जिला बेंगलुरू कर्नाटका द्वारा मेरे ऑफिस में आकर खुद को आईआईटी ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट का कर्मचारी बात कर पर्स चोरी का बहाना बनाकर इमोशनल तरीके से मुझसे धोखाधड़ी कर 5000 ले लिए थे जो कि वापस नहीं लौटाए.आरोपी ने आज फिर सीहोर कलेक्टरेट में इसी तरह बहाना बनाकर मुझसे पैसे लेकर ठगने का प्रयास किया. वह मुझे नहीं पहचान पाया किन्तु मैं उसे पहचान गया.आरोपी इसी तरह शासकीय कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों को झूठी कहानी बताकर ठगता है.फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में अपराध पंजीबद कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया टीम द्वारा तत्काल उक्त आरोपी की तलाश करते हुए उसे गिरफ्तार किया।

## संगठन की शक्ति एकता में ही है निहित : सुदेश राय

**सीहोर।** मंगलवार को विधायक सुदेश राय ने मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कर कर्मचारियों को नववर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी। विमोचन अवसर पर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष भागीरथ परमार और जिला सचिव दिलीप सिंह तोमर के नेतृत्व में कर्मचारियों के द्वारा विधायक सुदेश राय का पुष्प मालाए पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर जनहित हितेषी निर्माण कार्यों के लिए सम्मान किया गया।

स्वागत के प्रति उत्तर में विधायक सुदेश राय ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति एकता में ही निहित है इस वाक्य को मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ सार्थक कर रहा है। जनता से सीधे संपर्क में कर्मचारी होते हैं। जनता और जन प्रतिनिधि के लिए कर्मचारी शासन प्रशासन में महत्वपूर्ण कड़ी है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि संघ के द्वारा बहुत ही उपयोगी वार्षिक कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है। कैलेंडर के माध्यम से जहां सरकारी छुट्टियों की जानकारी मिलती है तो वही कर्मचारियों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी सरलता से सभी को मिलती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक ने श्री वैष्णव बैरागी समाज की धर्मशाला बनाने 5 लाख की घोषणा की

**आष्टा।**

**श्री वैष्णव बैरागी समाज विकास समिति आष्टा के तत्वाधान में आज श्री राठौर समाज धर्मशाला में जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य जी जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।**

उक्त आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपाल इंजीनियर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेम कुवर राय सिंह मेवाडा एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान कपिल जी त्यागी दामोदर महंत की उपस्थिति में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम को सुभारंभ किया गया सर्वप्रथम आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश बैरागी एवम सभी पदाधिकारी द्वारा अतिथियों मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम के दौरान विधायक को समाज की धर्मशाला एवं पुजारी के मानदेय के संबंध में ज्ञापन सोपा गया।

अपने उद्बोधन में विधायक ने घोषणा करते हुए समाज की धर्मशाला के लिए 5 लाख की घोषणा की साथी यह भी कहा गया कि धर्मशाला के लिए आप जगह सुरक्षित कर लीजिए एवं पुजारी के मानदेय के लिए भी शासन से आपकी बात रखेंगे कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्रीमती हेमकुवर राय सिंह मेवाड़ा को भी मांग पत्र सौप कर मांग की गई की जगतगुरु



रामानंदाचार्य जी की मूर्ति स्थापित हेतु जगह उपलब्ध एवं किसी एक चौराहे का नाम जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के नाम रखा जाए इस पर श्रीमती हेम कुंवर राय सिंह मेवाड़ा ने भी घोषणा में काला तालाब या कही सुविधा जनक सुनिश्चित जगह जहां पर आम जनों के लिए सुविधा जनक जगह पर जगतगुरु रामाचार्य जी की मूर्ति स्थापित करने के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी सहयोग प्रदान किया जाएगा इसी प्रकार जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान को भी ग्रामीण क्षेत्र में धर्मशाला के लिए जगह उपलब्ध करने के संबंध में मांग पत्र सोपा समिति की ओर से उन्होंने भी पूर्ण रूप से आश्वासन दिया कि हर संभव पूरा सहयोग किया जवेगा ।कार्यक्रम को संबोधित विष्णु दास बैरागी कुसमरिया, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अतुल बैरागी कपिल जी त्यागी सिरोंज भोपाल,महंत दामोदर दास बैरागी उज्जैन,सेवा संघ जिला देवास अध्यक्ष डॉक्टर राजेश बैरागी, सचिन बैरागी, बाबू दास बैरागी सीहोर, तरुण बैरागी बी.आर. सी. आष्टा नया दास बैरागी शिक्षक नसरुल्लागंज ,रघुवीर जी बैरागी नरसुल्लागंज सतीश बैरागी, इच्छावर, मनोज बैरागी बैरागढ़ सहित ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश बैरागी एवं तहसील अध्यक्ष रामदास बैरागी,भौरा मंडल महंत सिंधु दास बैरागी, संरक्षक रमेश बैरागी भौरा,रामदास बैरागी अरनिया राम, नगर अध्यक्ष दुर्गादास बैरागी, कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन बैरागी, राहुल बैरागी, संतोष बैरागी पिपलिया, रामचंद्र बैरागी ,सोनू बैरागी,दिनेश बैरागी, भौरा लवकुश बैरागी ,कमल बैरागी ने कार्यक्रम के दौरान सभी पत्रकारों का एवम संत महंत पूजारी गण वरिष्ठ समाज जनों सकल समाज के सभी अध्यक्षों अमरनाथ यात्रा के मां वैष्णवी का सम्मान किया वरिष्ठ जनों का सम्मान वरिष्ठ वैष्णव जनों का सम्मान किया गया मंच के द्वारा कार्यक्रम का संचालन लवकुश बैरागी द्वारा किया गया कार्यक्रम का सफल आयोजन होने पर आयोजन समिति का अध्यक्ष राकेश बैरागी ने सभी का आभार व्यक्त किया